## बिहार सरकार
## सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग

का०आ०सं०–01/स्था०(मु०)–05–13/2019......03........सू०ज०स०वि०, पटना, दिनांक–.....03/01/25

### कार्यालय आदेश

चूँकि सक्षम प्राधिकार को ऐसा विश्वास करने का कारण है कि श्री रमन्जय कुमार सिंह, निम्नवर्गीय सूचना लिपिक, जिला जन–सम्पर्क कार्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के समय वर्ष 2012 के निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र दस्तावेजों के सत्यापन के समय समर्पित किया गया। जिसे विभाग के द्वारा चरित्र एवं पूर्ववृत्त का सत्यापन के उपरान्त इनपर अवतार नगर थाना में आपराधिक मामला का आरोप पाया गया। इसलिए आदेश दिया जाता है कि श्री सिंह के विरूद्ध उक्त वर्णित आरोप के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम 14 एवं 17 में विहित रीति से विभागीय कार्यवाही संचालित की जाय।

2. विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु श्री विधुभूषण चौधरी, संयुक्त सचिव, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी एवं श्री श्याम नारायण यादव, अवर सचिव, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है। श्री रमन्जय कुमार सिंह से यह अपेक्षा की जाती है कि वे संचालन पदाधिकारी के समक्ष आदेश की प्रति प्राप्ति के दस कार्य दिवस के पश्चात किसी भी समय जैसा कि संचालन पदाधिकारी अनुमति दें, स्वयं उपस्थित हो।

आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति संचालन पदाधिकारी/ उपस्थापन पदाधिकारी/आरोपी कर्मी को अनुलग्नक की प्रति के साथ जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय।

3. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
**(कुमारिल सत्यनन्दन)**
विशेष कार्य पदाधिकारी
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग
बिहार, पटना

ज्ञापांक–................................/सू0ज0स0वि0, पटना दिनांक................................

प्रतिलिपिः–आरोप पत्र/साक्ष्य प्रति के साथ श्री विधुभूषण चौधरी, संयुक्त सचिव –सह–संचालन पदाधिकारी, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संचालन पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि वे विहित प्रक्रिया से विभागीय कार्यवाही का संचालन करते हुए निर्धारित समय सीमा के अन्दर समन्वय प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगें।

**अनु0ः–यथा।**

ह0/–
**(कुमारिल सत्यनन्दन)**
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक–................................/सू0ज0स0वि0, पटना दिनांक................................

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ श्री श्याम नारायण यादव, अवर सचिव –सह–उपस्थापन पदाधिकारी/ श्री रमन्जय कुमार सिंह, निम्नवर्गीय सूचना लिपिक, जिला जन–सम्पर्क कार्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु0ः–यथा।**

ह0/–
**(कुमारिल सत्यनन्दन)**
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक–.........27.................../सू0ज0स0वि0, पटना दिनांक...03/01/25...

प्रतिलिपिः– श्री जितेन्द्र कुणाल, आई0टी0मैनेजर, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**(कुमारिल सत्यनन्दन)**
विशेष कार्य पदाधिकारी